शनिवार
21 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी.सी.टी.वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

वर्ष 2, अंक 47 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## दिव्यांगों को मिली नई रफ्तार: 45 लाभुकों के बीच बैट्री ट्राईसाइकिल का वितरण



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) के अंतर्गत शुक्रवार को बिहारशरीफ में 45 दिव्यांग लाभुकों के बीच बैट्री संचालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार तथा लोकसभा सांसद कौशलेन्द्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक-सह-वरीय उप समाहर्ता प्राची रिया ने बैट्री ट्राईसाइकिल वितरण से संबंधित विभागीय निर्देशों एवं योजना की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके दैनिक जीवन को सुगम करना है।सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बैट्री ट्राईसाइकिल दिव्यांगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे उन्हें आवागमन में सहूलियत मिलेगी और वे अपनी रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकेंगे।वहीं मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांगजनों के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और आत्मसम्मान के साथ जीवन यापन कर सकें।

कार्यक्रम के अंत में मंत्री, सांसद, प्राची रिया एवं अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर लाभुकों को बैट्री ट्राईसाइकिल वितरित की गई। इस पहल से दिव्यांगजनों में खुशी की लहर देखी गई और उन्होंने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 12 हजार रिश्वत लेते बीपीआरओ रंगे हाथ गिरफ्तार, विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई



नगरनौसा (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की टीम ने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) अनुष्का कुमारी को 12 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खपुरा गांव निवासी अजय कुमार ने विजिलेंस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत समिति द्वारा उनके गांव में छठ घाट सीढ़ी निर्माण की योजना अनुशंसित की गई थी, लेकिन योजना को आगे बढ़ाने और फाइल खोलने के लिए बीपीआरओ द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। अजय कुमार ने बताया कि बिना पैसे दिए काम आगे नहीं बढ़ाया जा रहा था।शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस की टीम ने मामले का सत्यापन किया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद एक विशेष टीम का गठन कर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की गई। तय योजना के अनुसार, जब अजय कुमार रिश्वत की रकम लेकर बीपीआरओ के पास पहुंचे और जैसे ही उन्होंने 12 हजार रुपये दिए, पहले से मौके पर तैनात विजिलेंस टीम ने तत्काल छापेमारी कर अनुष्का कुमारी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी अधिकारी को अपने साथ ले जाकर पूछताछ की जा रही है। विजिलेंस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई को लेकर प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत दोषियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## विश्व गौरैया दिवस पर राजगीर में जागरूकता कार्यक्रम, बच्चों ने बनाए सुंदर घोंसले




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर जू सफारी के तत्वावधान में शुक्रवार को 'विश्व गौरैया दिवस' के अवसर पर मध्य विद्यालय, राजगीर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विलुप्त होती गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रकृति के प्रति उनका लगाव बढ़ाना था।

इस मौके पर स्कूली बच्चों के बीच 'गौरैया घोंसला निर्माण प्रतियोगिता' आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गत्ते, जूट, सूखी घास और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से आकर्षक एवं सुरक्षित घोंसले बनाए। बच्चों की रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति उनकी समझ ने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजगीर जू सफारी के पशु चिकित्सक डॉ. संजीत ने की।

उन्होंने अपने संबोधन में गौरैया के महत्व को बताते हुए कहा कि गौरैया हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन बढ़ते शहरीकरण और मोबाइल टावरों के विकिरण के कारण इसकी संख्या में लगातार गिरावट आई है।

उन्होंने बच्चों को अपने घरों के आसपास पानी और दाना रखने तथा कृत्रिम घोंसले लगाने के लिए प्रेरित किया, ताकि गौरैया की संख्या फिर से बढ़ सके।

इस कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय वन रक्षी राज कुमार मंडल और प्रिंस कुमार ने किया। उन्होंने बच्चों को घोंसला निर्माण की विधि सिखाई और पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

## मनरेगा मुद्दे पर गरमाई पंचायत समिति बैठक, पीओ नदारद रहने से हंगामा



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुबीली देवी ने की। बैठक में बीडीओ डॉ. पंकज कुमार, उप प्रमुख प्रमोद राम, मुखिया रणविजय सिंह पटेल, मुखिया हरिनारायण सिंह, सरथा पंचायत समिति सदस्य राणा शैलैश सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के समक्ष सवाल उठाए। मुख्य रूप से वीबी-जी रामजी, 15वीं एवं षष्ठम वित्त आयोग की योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रखंड स्तर पर चल रही योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

इसी बीच सरथा पंचायत समिति सदस्य राणा शैलैश सिंह ने टाडापर प्राथमिक विद्यालय केजर्जर भवन को लेकर शिक्षा विभाग से सवाल किया। साथ ही उन्होंने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (वीबी-जी रामजी) के तहत योजनाओं को पंचायत के उत्तरी व दक्षिणी भाग में नहीं चढ़ाए जाने पर मनरेगा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।मनरेगा की स्थिति को लेकर बैठक में काफी हंगामा हुआ। जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण बैठक के दौरान मनरेगा पीओ (प्रोग्राम ऑफिसर) ही अनुपस्थित रहे, जिससे असंतोष और बढ़ गया। स्थिति यह रही कि बैठक समाप्ति के समय अनुमोदन कराने के लिए मनरेगा का डाटा एंट्री ऑपरेटर पहुंचा, जिससे जनप्रतिनिधियों में नाराजगी और बढ़ गई।बैठक में बीपीआरओ उमेश कुमार, बीईओ नितेश कुमार रंजन, मुखिया विद्यानंद बिंद, मुढारी पंचायत समिति सदस्य रौशन कुमार, लोहरा से शिवजी प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# SAI BODHIT PVT. LTD.

बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।

## SHRIEJAN HEIGHTS

कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।

## LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF

चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........




APPROVED
RERA APPROVED
APPROVED

Project Registration Number
BRERAP19200101110252504 32E00

from ₹~~4251~~ TO
₹4551/*sq.ft

60%
Free Area



COMFORT, LUXURY
WELLNESS

**Amenities:**

. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking

Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004

Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)

**Contact us today to book your site visit!**

# फ्लिपकार्ट डिलीवरी कर्मियों की हड़ताल से हरनौत में 1400 पार्सल अटके, कामकाज ठप



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत में ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट के डिलीवरी कर्मी शुक्रवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए, जिससे पूरे क्षेत्र में पार्सल वितरण पूरी तरह बाधित हो गया। बाजार से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कहीं भी डिलीवरी नहीं हो सकी, जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

हड़ताल के दौरान हरनौत बाजार के स्टेशन रोड स्थित फ्लिपकार्ट कार्यालय के बाहर डिलीवरी कर्मियों ने एकजुट होकर जमकर नारेबाजी की। कर्मियों का कहना है कि कंपनी द्वारा उनके पार्सल डिलीवरी का भुगतान लगातार घटाया जा रहा है, जिससे उनकी आय पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में दीपावली से पहले प्रति पार्सल 20 रुपये मिलते थे, लेकिन अब इसे घटाकर 13 से 14 रुपये कर दिया गया है।डिलीवरी कर्मियों का आरोप है कि महंगाई बढ़ने के बावजूद उनकी मजदूरी कम कर दी गई है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक भुगतान दर में सुधार नहीं किया जाएगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।


वहीं, फ्लिपकार्ट कार्यालय के टीम लीडर रोहित कुमार सिंह ने बताया कि हड़ताल के कारण शुक्रवार को लगभग 1400 पार्सलों की डिलीवरी प्रभावित हुई है। इससे कंपनी को नुकसान के साथ-साथ ग्राहकों से नकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि नई दर दूरी के आधार पर लागू की गई है और इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दी गई है।




www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार

अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान



# Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

## Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material
that combines strength, safety, and luxury design.




### Modular Kitchen

✓ Cabinets, shutters, drawers



### TV Unit & Wall Panels

✓ Modern design, storage



### Wardrobes & Closets

✓ Sliding, swing, loft, drawers



### Bathroom Vanities

✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar

# राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स में बिहार का दमदार प्रदर्शन, खिलाड़ियों ने जीते कई पदक




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में 17 मार्च से आयोजित राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बिहार के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता के चौथे दिन तक बिहार के खिलाड़ियों ने कुल छह पदक अपने नाम कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

प्रतियोगिता में हिमांशु कुमार ने एफ-63 शॉट पुट स्पर्धा में रजत पदक जीता। वहीं शैलेश कुमार ने टी-53 व्हीलचेयर रेस 400 मीटर में रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा उन्होंने टी-54 100 मीटर दौड़ में भी रजत पदक जीतकर दोहरी सफलता प्राप्त की। अर्चना कुमारी ने टी-54 शॉट पुट में रजत पदक तथा 2टी-54 डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीतकर बिहार का गौरव बढ़ाया।

इस खेल महाकुंभ में देशभर के 28 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों तथा बीएसएफ सहित लगभग 1600 एथलीट भाग ले रहे हैं। बिहार से कुल 54 खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनके प्रदर्शन से राज्य में खुशी का माहौल है।

प्रतियोगिता के दौरान पैरा ओलंपिक कमेटी (पीसीआई) के अधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पैरा एथलीट देश की शान हैं और उनकी उपलब्धियां पूरे राष्ट्र को गौरवान्वित करती हैं।बिहार के खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से खेल प्रेमियों में उत्साह है और आने वाले दिनों में और पदकों की उम्मीद जताई जा रही है।

# सरथा पंचायत में 251 श्रद्धालुओं की भव्य कलशयात्रा, अखंड कीर्तन आज से शुरू



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। चैती नवरात्रि के पावन अवसर पर सरथा पंचायत समेत आसपास के क्षेत्रों में भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में अखंड कीर्तन के आयोजन को लेकर शुक्रवार को 251 श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने भाग लिया।सामाजिक कार्यकर्ता सह नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे 30ए के समीप पासवान नगर स्थित बाबा चौहरमल मंदिर परिसर में पिछले पांच वर्षों से लगातार अखंड कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 24 घंटे का अखंड कीर्तन आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर एक दिन पूर्व कलशयात्रा निकाली गई।कलश में जल भरने के लिए सभी श्रद्धालु बख्तियारपुर के ग्यासपुर गंगा घाट पहुंचे, जहां पंडितों द्वारा विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार कर कलश में जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु पीले वस्त्र धारण कर माथे पर कलश लेकर पैदल ही कल्याण बीघा स्थित छठ घाट होते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे, जहां विधिपूर्वक कलश स्थापना की गई।


ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से गांव में सुख-समृद्धि और आपसी भाईचारे का वातावरण मजबूत होता है। शुक्रवार से शुरू हो रहे 24 घंटे के अखंड कीर्तन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और पूरा क्षेत्र भक्ति में सराबोर है।












# गुलनी गांव में अखंड हरि कीर्तन से गूंजा क्षेत्र, भक्ति में डूबे श्रद्धालु




हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा प्रखंड के जूनियार पंचायत अंतर्गत गुलनी गांव स्थित काली मंदिर प्रांगण में शुक्रवार सुबह 9:30 बजे से विधि-विधान के साथ 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू हुआ। "हरे राम, हरे कृष्णा" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

कार्यक्रम के आयोजक सह नंदा फ्यूल्स पेट्रोल पंप के संचालक ई. धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि अखंड हरि कीर्तन से न केवल आस्था मजबूत होती है, बल्कि लोगों के मन में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है और आपसी समरसता भी बढ़ती है।

ग्रामीणों ने बताया कि गुलनी काली मंदिर में हर वर्ष कीतरह इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया गया है। 24 घंटे का यह कीर्तन शनिवार सुबह 9:30 बजे पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ, जिसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर समाजसेवी राजेंद्र कुमार चौधरी, जितेन्द्र कुमार, ई. धर्मेन्द्र कुमार, ई. प्रियांशु, डॉ. शैलेन्द्र चौधरी, प्रतिमा कुमारी, श्यामलता, नव्या नंदा, बेदांत नंदा, रविंद्र महतो, सुरेंद्र यादव, राजेंद्र प्रसाद, वल्भ यादव, जितेन्द्र पासवान, तालकेश्वर, हरेंद्र कुमार, कृष्णदेव पांडेय, पिंकु पांडेय, राजेश कुमार, मनोज प्रसाद यादव, दुर्गा प्रसाद, गोविन्द श्री प्रसाद, पूर्व मुखिया लक्षमण पाल, कृष्ण सिंह, विजय चौहान, संजय चौहान, राजू, बहादुर यादव, रंजीत यादव, दीना यादव, राजेंद्र यादव एवं योगेंद्र यादव सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।






## धरमपुर विद्यालय में बाल मेला आयोजित, खेल-कूद व प्रतिभा प्रदर्शन में बच्चों ने मारी बाजी




हिलसा (अपना नालंदा)।शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय धरमपुर में भव्य बाल मेला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों में भाग लेने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर किया। मंच संचालन संतोष कुमार पार्थ ने किया।

उद्घाटन के अवसर पर डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेना बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के माध्यम से आगे बढ़ने का संदेश दिया।बाल मेले में बच्चों ने चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, सुई दौड़, लंबी कूद एवं गोली दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा चित्रकला प्रदर्शनी एवं टीएलएम कार्यक्रम ने अभिभावकों का ध्यान आकर्षित किया।

बच्चों द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों की भी खूब सराहना की गई।कार्यक्रम के दौरान डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने विद्यालय के लिए भूमि दान करने वाली रजिया देवी सहित सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नियमित रूप से शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा रहा है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक रुपेश कुमार ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा देखकर अभिभावक भी काफी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।इस मौके पर एचएम रुपेश कुमार, अरुण कुमार साहू, बीआरसी से कौशल कुमार, सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा, ताड़क नाथ जायसवाल, धनेश कुमार, अंजु देवी, राज दिवाकर, अनामिका प्रिया, वार्ड सदस्य, शिक्षा समिति के सचिव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## डॉ. अंजनी कुमार सुमन को मिला'काव्य गौरव साहित्य सम्मान' -2026



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।शिक्षा एवं हिंदी साहित्य लेखन में लगातार कई वर्षों से अपनी सेवा देकर दर्जनों सम्मान एवं पुरस्कार से सम्मानित होने वाले महाबोधि महाविद्यालय(बी0एड0), नालंदा के चर्चित कवि एवं ग़ज़लकार डॉ. अंजनी कुमार सुमन को उनकी नवीन पुस्तक कविता संग्रह 'तुम्हारे प्रेम की पंखुड़ियाँ' के लिए दिनांक 19/03/2026 (रविवार) को साहित्यक संस्था 'तरूणोदय सांस्कृतिक विकास परिषद, पूर्णिया (बिहार) द्वारा वर्ष-2026 का 'काव्य गौरव साहित्य सम्मान' दिया गया। यह सम्मान उन्हें पूर्णिया के 'कला भवन' के साहित्य सभागार में राष्ट्रीय विक्रम संवत्सर के शुभ उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में संस्था के सचिव कैलाश बिहारी चौधरी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ0 प्रभात नारायण झा, मुख्य अतिथि बाबा बैद्यनाथ झा एवं विशिष्ठ अतिथि अशोक आलोक एवं कवि राजकुमार द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। इस सम्मान में उन्हें प्रतीक चिन्ह, रेशमी चादर, सम्मान पत्र एवं सम्मान राशि का चेक देकर सम्मानित किया गया। कवि अंजनी सुमन की पूर्व में तीन पुस्तकें 'हार का उपहार', 'प्राचीन अंग प्रदेश में तंत्रवाद' एवं अंगिका प्रबंध काव्य 'ऋतुमंजरी' प्रकाशित हैं। इसके अलावे इनकी रचना राष्ट्रस्तरीय पत्र-पत्रिकाओं तथा आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर प्रकाशित एवं प्रसारित होती रहती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के सचिव डॉ0 अरविन्द कुमार, प्राचार्य डॉ0 दीपक शर्मा एवं सभी साथी प्राध्यापकों एवं स्थानीय साहित्यकारों ने बधाई दी है।






## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# केंद्र का दावा सही पाया गया तो राहुल को बड़ा झटका लगेगा

कांग्रेस ने देश में राजनीतिक हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस गांधी परिवार के बिना हमेशा अधूरी रही है। पूरी पार्टी गांधी परिवार के इर्द-गिर्द सिमटी रहती है। यही वजह है कि बिना देरी किए हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा सरकार अदालत का दुरुपयोग कर रही है। राहुल गांधी को निशाना बनाकर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने आएगी। केंद्र का गोपनीयता कार्ड राजनीतिक हथियार है। जिस पर भाजपा ने पलटवार किया। प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। यदि राहुल गांधी के दस्तावेज साफ हैं तो डर क्यों। गोपनीयता राष्ट्रीय हित में जरूरी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुप्पी साधी, लेकिन उनके करीबी नेताओं ने इसे विपक्ष की हार बताया। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि न्याय अंततः राहुल के पक्ष में होगा।गौरतलब है कि यह विवाद 2017 में शुरू हुआ। एक आरटीआई आवेदन से ब्रिटिश कंपनी में राहुल के नाम का जिक्र सामने आया। केंद्र ने कहा कि वे ब्रिटिश नागरिकता के लिए आवेदन कर चुके। राहुल ने इसे खारिज किया। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर टिप्पणी की थी। अब हाईकोर्ट में यह लंबा खिंच रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि फैसला चुनावी समीकरण बदल सकता है।

उधर, कानूनी जानकारों ने चैंबर सुनवाई को उचित ठहराया। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि गोपनीय दस्तावेजों में ऐसा ही होता है। लेकिन कुछ वकीलों ने सवाल उठाए। उनका कहना है कि लोकतांत्रिक देश में पारदर्शिता जरूरी है। यदि दस्तावेज गोपनीय हैं तो मामला क्यों चल रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने टिप्पणी की कि यह केंद्र की चाल है। छह अप्रैल को अगली सुनवाई होगी। तब शायद दस्तावेज खुले। यदि केंद्र का दावा सही पाया गया तो राहुल को बड़ा झटका लगेगा, अन्यथा विपक्ष मजबूत होगा। यह मामला लोकसभा चुनावों से ठीक पहले है, इसलिए राजनीतिक महत्व बढ़ गया है। राहुल गांधी ने कहा कि वे अदालत के फैसले का स्वागत करेंगे। केंद्र भी यही दोहरा रहा है, लेकिन तनाव बरकरार है। सुनवाई के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान न खड़ा हो, इसके लिए लखनऊ कोर्ट परिसर में बृहस्पतिवार को सुरक्षा कड़ी थी। कांग्रेस कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। पुलिस ने बैरिकेडिंग की। मीडिया कवरेज पूरे दिन चला। सोशल मीडिया पर हैशटैग ट्रेंड करने लगे। यह घटना उत्तर प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दे सकती है।इस दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में एक बड़ा कानूनी ड्रामा देखने को मिला। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की सुनवाई हुई। यह मामला राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने गोपनीयता का हवाला देकर सुनवाई बंद कमरे में कराने की मांग की। न्यायालय ने इसे मान लिया। अगली सुनवाईछह अप्रैल को तय हुई। इस घटना ने विपक्ष और सत्ताधारी दल के बीच नई बहस छेड़ दी है।

राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर विवाद पुराना है। कुछ वर्ष पहले यह सवाल उठा था कि क्या वे भारतीय नागरिक हैं या ब्रिटिश। केंद्र सरकार ने दावा किया था कि राहुल गांधी के दस्तावेजों में कुछ अस्पष्टता है। विपक्ष ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। राहुल गांधी ने कई बार स्पष्ट किया कि वे जन्म से भारतीय हैं। उनके पिता राजीव गांधी और दादी इंदिरा गांधी दोनों भारत के पूर्व प्रधानमंत्री रहे। फिर भी, यह मुद्दा अदालत तक पहुंच गया।लखनऊ पीठ में सुनवाई के लिए काफी संख्या में वकील और पत्रकार इकट्ठा हुए। कोर्ट रूम में तनाव का माहौल था। राहुल गांधी की ओर से पेश वकीलों ने भी अपनी दलीलें तैयार की थीं, लेकिन सुनवाई शुरू होते ही केंद्र सरकार के वकील ने बड़ा कदम उठाया। सुनवाई की शुरुआत होते ही केंद्र सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसबी पाण्डेय ने न्यायालय से विशेष अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय से लाए गए दस्तावेज अत्यंत गोपनीय हैं। इनमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां हो सकती हैं। यदि इन्हें खुले कोर्ट में पेश किया गया तो देशहित प्रभावित हो सकता है। पाण्डेय ने तर्क दिया कि इस तरह के मामलों में चैंबर सुनवाई सामान्य प्रक्रिया है।
न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ इस अनुरोध पर विचार करने लगी। उन्होंने दोनों पक्षों से संक्षिप्त बहस सुनी। राहुल गांधी के वकीलों ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि यह मामला सार्वजनिक महत्व का है। गोपनीयता का दावा झूठा है। लेकिन न्यायालय ने केंद्र के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कोर्ट रूम से सभी को बाहर जाने को कहा गया। सुनवाई चैंबर में चली गई। बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों और समर्थकों में निराशा छागई।चैंबर सुनवाई के दौरान क्या चर्चा हुई, यह गोपनीय है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार ने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज पेश किए। इनमें राहुल गांधी के जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट रिकॉर्ड और ब्रिटिश नागरिकता संबंधी पुराने फॉर्म शामिल बताए जाते हैं। राहुल पक्ष ने इनकी प्रामाणिकता पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने दस्तावेजों का अवलोकन किया। उन्होंने दोनों पक्षों को अगली तारीख तक जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।यह सुनवाई मात्र आधे घंटे चली। उसके बाद कोर्ट ने छह अप्रैल की नई तारीख मुकर्रर की

# रामनवमी पर 'राजनीतिक रामायण': क्या बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री? नीतीश युग के अंत की आहट तेज: चंदन चौरसिया

## नवरात्र में बदलते सियासी संकेत—भाजपा ने तेज की अपनी रणनीति, दिल्ली से पटना तक हलचल



### नीतीश कुमार के संकेतों से बढ़ा संशय, सम्राट चौधरी से लेकर निशांत तक कई चेहरे चर्चा में

पटना(अपना नालंदा)। वरिष्ठ पत्रकार चंदन चौरसिया ने कहा कि बिहार की राजनीति इन दिनों एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है, जहां हर दिन नए संकेत और नए समीकरण उभर रहे हैं। खासतौर पर रामनवमी 2026 को लेकर जिस तरह की चर्चाएं तेज हुई हैं, उसने सत्ता परिवर्तन की अटकलों को और मजबूत कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी अब राज्य में अपने पहले मुख्यमंत्री को स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ती दिख रही है। लंबे समय से सहयोगी रहे नीतीश कुमार को लेकर भाजपा के रुख में बदलाव के संकेत साफ हैं। पार्टी अब केवल सहयोगी भूमिका में नहीं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका में आने के मूड में नजर आ रही है। यही वजह है कि नवरात्र के शुभ अवसर पर शपथ ग्रहण की चर्चा केवल अफवाह नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संकेत के रूप में देखी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेतृत्व, विशेष रूप से अमित शाह और नरेंद्र मोदी के स्तर पर बिहार के नए नेतृत्व को लेकर मंथन लगभग अंतिम दौर में पहुंच चुका है। यह बदलाव न केवल सत्ता के चेहरे को बदलेगा, बल्कि बिहार की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।
चौरसिया ने कहा कि वहीं दूसरी ओर, नीतीश कुमार की हालिया गतिविधियों ने सस्पेंस को और गहरा कर दिया है। राज्यसभा चुनाव में नामांकन के बाद उनका लगातार 'समृद्धि यात्रा' पर निकल जाना, विधानसभा की कार्यवाही से दूरी बनाए रखना और विभिन्न नेताओं के साथ अलग-अलग संकेत देना—इन सबने भाजपा और राजनीतिक विश्लेषकों को असमंजस में डाल दिया है। खास बात यह है कि उन्होंने कभी भी खुलकर अपने उत्तराधिकारी का नाम नहीं लिया, लेकिन कई नेताओं के कंधे पर हाथ रखकर 'जिम्मेदारी' का संकेत जरूर दिया है। इनमें सम्राट चौधरी, विजय कुमार चौधरी, लेसी सिंह और राजीव रंजन सिंह जैसे नाम शामिल हैं। इसके साथ ही उनके बेटे निशांत कुमार को लेकर भी राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं गर्म हैं, हालांकि खुद नीतीश कुमार ने इस पर कभी स्पष्ट बयान नहीं दिया। यह रणनीतिक चुप्पी कहीं न कहीं भाजपा के लिए चुनौती बनती जा रहीहै, क्योंकि पार्टी अब स्पष्ट नेतृत्व के साथ आगे बढ़ना चाहती है। यही कारण है कि भाजपा अपने स्तर पर नेतृत्व तय करने की दिशा में सक्रिय हो गई है, जिससे यह संदेश भी जाए कि बिहार में अब सत्ता का केंद्र बदलने वाला है।

चंदन चौरसिया ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अहम बात यह है कि भाजपा अब 'टाइमिंग' पर काम कर रही है। पहले जहां खरमास के खत्म होने का इंतजार किया जा रहा था, वहीं अब नवरात्र के दौरान ही शपथ ग्रहण कराने की चर्चा तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, रामनवमी या उसके अगले दिन नई सरकार का गठन संभव है। इसके पीछे धार्मिक और राजनीतिक दोनों संदेश छिपे हैं—एक तरफ रामनवमी का प्रतीकात्मक महत्व और दूसरी तरफ "जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे" जैसे नारों के जरिए जनभावना को जोड़ने की रणनीति। यदि ऐसा होता है तो यह बिहार की राजनीति में ऐतिहासिक बदलाव होगा, जहां पहली बार भाजपा अपने दम पर मुख्यमंत्री पद संभालेगी। साथ ही यह नीतीश कुमार के लंबे राजनीतिक युग के अंत की शुरुआत भी मानी जाएगी। हालांकि अंतिम फैसला अभी सामने नहीं आया है, लेकिन जिस तरह के संकेत मिल रहे हैं, उससे साफ है कि आने वाले कुछ दिन बिहार की राजनीति के लिए बेहद निर्णायक साबित होने वाले हैं।

# फसल कटाई विवाद में दो पक्षों में मारपीट, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

हिलसा (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के मुरारपुर गांव में फसल कटाई (कवाने) को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।
घायल की पहचान मुरारपुर गांव निवासी गुलाम सिंह के लगभग 50 वर्षीय पुत्र सुरेश सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि फसल कटाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते बढ़कर मारपीट में तब्दील हो गई।
घटना के बाद परिजनों ने घायल सुरेश सिंह को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, हिलसा में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।
इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है तथा घटना के कारणों की छानबीन की जा रही है।
ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते लोगों ने बीच-बचाव नहीं किया होता तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन तनाव का माहौल बना हुआ है।

# नव नालंदा महाविहार और खुदा बख्श लाइब्रेरी को मिलेगा नया संबल, राज्यपाल ने दिया सहयोग का भरोसा



पटना (अपना नालंदा)। नव नालंदा महाविहार, नालंदा के कुलपति सह निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना के प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने लोक भवन, पटना में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थानों के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

भेंट के दौरान प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने राज्यपाल को नव नालंदा महाविहार में संचालित शैक्षणिक, अनुसंधान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाविहार बौद्ध अध्ययन, भाषा, दर्शन और संस्कृति के क्षेत्र में देश-विदेश के छात्रों और शोधार्थियों को आकर्षित कर रहा है। संस्थान में अधोसंरचना के विकास, नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने तथा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

प्रो. सिंह ने खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह देश की एक महत्वपूर्ण धरोहर है, जहां हजारों दुर्लभ पांडुलिपियां और ऐतिहासिक दस्तावेज संरक्षित हैं। उन्होंने लाइब्रेरी में चल रहे पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटलीकरण और शोध कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इन अमूल्य धरोहरों को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर प्रो. सिंह ने दोनों संस्थानों के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार से सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने अधोसंरचना विस्तार, डिजिटल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, शोध कार्यों को प्रोत्साहन तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मजबूत करने के लिए विशेष सहयोग की अपेक्षा जताई। साथ ही उन्होंने राज्यपाल को नव नालंदा महाविहार और खुदा बख्श लाइब्रेरी के भ्रमण हेतु आमंत्रित किया।

राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने दोनों संस्थानों द्वारा भारत की समृद्ध बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान देश की पहचान हैं और वैश्विक स्तर पर भारत की ज्ञान परंपरा को सुदृढ़ करते हैं। राज्यपाल ने संस्थानों के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, शोध गतिविधियों के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया।बैठक सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को और मजबूत बनाने की दिशा में मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।




# पटना में भव्य अंदाज़ में लॉन्च हुआ भोजपुरी फिल्म "जेल स्टार" का ट्रेलर, जल्द होगी सिनेमाघरों में रिलीज



पटना (अपना नालंदा)।राजधानी पटना के प्रतिष्ठित होटल पाटलिपुत्र एक्ज़ोटिका में भोजपुरी फिल्म "जेल स्टार" का ट्रेलर लॉन्च भव्य कार्यक्रम के साथ किया गया। भूमि ओरिजिनल्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म से जुड़े कई चर्चित कलाकार और निर्माता उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम में फिल्मी रंगत देखने को मिली।

इस अवसर पर निर्देशक पराग पाटिल, निर्माता प्रिंस कुमार, अभिनेता व गायक रौशन रोही, अभिनेत्री शिल्पी राघवानी, अभिनेता देव सिंह, नेहा पाठक, खुशी कक्कड़, अखिलेश कश्यप और गौरीशंकर समेत कई कलाकार मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी कलाकारों ने फिल्म के अनुभव साझा किए और दर्शकों से फिल्म को प्यार देने की अपील की।

निर्देशक पराग पाटिल ने बताया कि "जेल स्टार" एक पारिवारिक और मनोरंजक फिल्म है, जिसमें दर्शकों को भावनाओं, संगीत और कहानी का बेहतरीन संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि रौशन रोही के साथ उनकी यह पहली फिल्म है और उन्होंने इसमें शानदार अभिनय किया है। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि फिल्म को कई भाषाओं में डब कर व्यापक स्तर पर रिलीज किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक दर्शकों तक इसे पहुंचाया जा सके।

निर्माता प्रिंस कुमार ने कहा कि "जेल स्टार" उनकी पहली फिल्म है, जिसे उन्होंने पूरी मेहनत और दिल से बनाया है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में दर्शकों के लिए एक मजबूत कहानी, बेहतरीन संगीत और पारिवारिक मनोरंजन का पूरा ख्याल रखा गया है। प्रिंस कुमार ने उम्मीद जताई कि दर्शक इस फिल्म को भरपूर प्यार देंगे और उनकी यह पहली कोशिश भोजपुरी सिनेमा में एक अलग पहचान बनाएगी।

अभिनेता रौशन रोही ने फिल्म को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरी तरह पारिवारिक फिल्म है, जिसमें 2-3 मगही गीत भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह दर्शकों ने उनके गाए गीतों को प्यार दिया है, उसी तरह इस फिल्म को भी भरपूर समर्थन मिलेगा। वहीं अभिनेत्री शिल्पी राघवानी ने कहा कि रौशन रोही के साथ यह उनकी पहली फिल्म है, लेकिन उनके साथ काम करते हुए ऐसा महसूस नहीं हुआ कि वह नए हैं। उन्होंने उनके अभिनय की सराहना की।

फिल्म में कुल आठ गाने शामिल हैं, जो दर्शकों को खूब पसंद आने की उम्मीद है। अभिनेता देव सिंह ने कहा कि फिल्म की कहानी और प्रस्तुति दर्शकों को बांधे रखेगी और इसमें हर वर्ग के लिए मनोरंजन मौजूद है। गया में शूट की गई इस फिल्म को लेकर पूरी टीम काफी उत्साहित है और उम्मीद जताई जा रही है कि "जेल स्टार" भोजपुरी सिनेमा में एक नई पहचान बनाएगी।

# 10 वर्षीय आफरीन प्रवीण ने पूरे किए रमजान के 30 रोजे, परिवार में खुशी का माहौल

मोहम्मद जियाउद्दीन




इस्लामपुर (अपना नालंदा)। मोहल्ला मलिकसराय की 10 वर्षीय आफरीन प्रवीण, पिता जसिम आलम, ने इस वर्ष रमजान के पूरे 30 रोजे रखकर मिसाल पेश की है। कम उम्र में उनकी इस धार्मिक लगन और अनुशासन को लेकर पूरे परिवार और मोहल्ले में खुशी का माहौल है।

आफरीन प्रवीण की इस उपलब्धि पर उनके दादा रियासत उद्दीन, चाचा कासिम आलम, माता तबस्सुम प्रवीण, बहन मिज़ा प्रवीण, जैनब प्रवीण, आफरीन प्रवीण, जाकिर आलम, नुरुल ऐन, तमन्ना जिया, तहसीन जिया, तासफीन जिया, चाची नूरी प्रवीण, सलमा प्रवीण, रेशमा प्रवीण एवं खुर्शीद आलम सहित परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें ढेर सारी मुबारकबाद दी है।

परिजनों ने बताया कि आफरीन ने पूरे रमजान महीने में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ रोजा रखा। उनकी इस उपलब्धि से परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। आसपास के लोगों ने भी आफरीन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# चैती पर्वों को लेकर बिहारशरीफ में 19 से 31 मार्च तक ट्रैफिक व्यवस्था लागू, कई मार्गों पर प्रतिबंध




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।चैती दुर्गा पूजा, चैती छठ, रामनवमी एवं महावीर जयंती पर्व 2026 को लेकर बिहारशरीफ शहर में व्यापक यातायात नियंत्रण योजना लागू की गई है। जिला प्रशासन द्वारा 19 मार्च से 31 मार्च 2026 तक शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए हैं।

प्रशासन के अनुसार, चैती दुर्गा पूजा 19 मार्च से 28 मार्च तक, चैती छठ 22 मार्च से 25 मार्च तक (24 मार्च को संध्या अर्घ्य एवं 25 मार्च को प्रातः अर्घ्य), रामनवमी 27 एवं 28 मार्च को तथा महावीर जयंती 30 से 31 मार्च तक मनाई जाएगी। इन सभी पर्वों के दौरान शहर में भारी भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है।

शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक

यातायात योजना के तहत शहर के अंदर बड़े वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई गई है।

बरबीघा-शेखपुरा की ओर से पटना जाने वाली बसें नकटपुरा बायपास होते हुए सोहसराय हाल्ट और पचासा के रास्ते जाएंगी।

बरबीघा एवं अस्थावां की ओर से आने वाले सभी बड़े वाहन, मिनी बस, ट्रैक्टर आदि केवल बरबीघा बस स्टैंड तक ही सीमित रहेंगे।

बख्तियारपुर की ओर से आने वाले बड़े वाहन पचासा मोड़ से बायपास होकर गुजरेंगे।

17 नंबर चौक से सोहसराय बाजार की ओर बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

बड़ी पहाड़ी, रामचंद्रपुर एवं राजगीर मोड़ की ओर से आने वाले वाहनों के लिए भी सीमित प्रवेश व्यवस्था लागू की गई है।

सरकारी बसों के लिए विशेष व्यवस्था

कारगिल बस स्टैंड को अस्थायी सरकारी बस स्टैंड बनाया गया है।

नवादा से पटना जाने वाली सभी सरकारी बसें कारगिल बस स्टैंड में रुकेंगी और बायपास से पटना जाएंगी।

पटना से आने वाली बसें भी सीधे कारगिल बस स्टैंड पहुंचेंगी।शहर के अंदर स्थित सरकारी बस स्टैंड में इस अवधि में कोई बस प्रवेश नहीं करेगी।

भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त सख्ती

मंगला स्थान, सोहसराय बाजार, बड़ी पहाड़ी एवं अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बस, ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा।पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान

यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए शहर में कई स्थानों को पार्किंग जोन बनाया गया है, जिनमें प्रमुख हैं—

लघु सिंचाई कार्यालय (17 नंबर) के पास

कन्या उच्च विद्यालय, सोहसराय

नई रहुई रोड मोड़

नेशनल उच्च विद्यालय, शेखाना मैदान

सोगरा कॉलेज मैदान

बरबीघा बस स्टैंड

बाजार समिति परिसर

कारगिल बस स्टैंड

नई रहुई रोड क्षेत्र

बैरियर और चेकिंग प्वाइंट

शहर में यातायात नियंत्रण के लिए कई स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं, जिनमें—

किसान कॉलेज सोहसराय, कटहल टोला मोड़, शेखना मोड़, आदर्श उच्च विद्यालय, मामू-भगना मोड़, रामचंद्रपुर बस स्टैंड, मंगला स्थान, मिरदाद मोड़, बनौलिया मोड़, खैराबाद, बड़ी दरगाह, नया टोला, सेराबी तिराहा, मणिराम बाबा तालाब मोड़, कारगिल बस स्टैंड तीनमुहानी, सोगरा कॉलेज मोड़, बाबा मणिराम अखाड़ा तिनमुहानी एवं पहाड़पुरा मार्ग शामिल हैं।

प्रशासन की अपील

जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित ट्रैफिक नियमों का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, ताकि पर्वों के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और किसी प्रकार की असुविधा न हो।




# तेज आंधी और झमाझम बारिश से बदला मौसम, गर्मी से मिली राहत



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में शुक्रवार को अचानक मौसम ने करवट ले ली, जिससे पूरे इलाके का माहौल कुछ ही देर में बदल गया। दोपहर तक जहां तेज धूप और गर्मी लोगों को परेशान कर रही थी, वहीं दोपहर बाद आसमान में अचानक घने काले बादल छा गए। इसके बाद तेज हवा के साथ धूल भरी आंधी शुरू हो गई, जिसने लोगों को चौंका दिया।

आंधी इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर कुछ समय के लिए दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया। तेज हवाओं के कारण सड़कों पर धूल उड़ने लगी और लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजारों में भी अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई, जहां दुकानदारों ने जल्दबाजी में अपनी दुकानें समेटनी शुरू कर दीं। राहगीरों को भी सुरक्षित स्थानों की तलाश में इधर-उधर भागते देखा गया।आंधी के बाद मौसम ने एक और करवट ली और झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश ने वातावरण को पूरी तरह बदल दिया। जहां कुछ देर पहले तक गर्म हवाएं चल रही थीं, वहीं बारिश के बाद मौसम सुहावना और ठंडा हो गया। सड़कों पर जमी धूल बारिश के पानी से धुल गई, जिससे वातावरण साफ और ताजगी भरा महसूस होने लगा।लगातार पड़ रही गर्मी और उमस से परेशान लोगों के लिए यह मौसम परिवर्तन राहत लेकर आया। लोगों ने बारिश का आनंद लिया और कई जगहों पर बच्चे भीगते नजर आए। हालांकि अचानक आए इस बदलाव ने कुछ समय के लिए जनजीवन को प्रभावित भी किया। कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह बदलता रह सकता है। कभी तेज धूप तो कभी आंधी और बारिश की स्थिति बनी रह सकती है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। खासकर तेज हवा और बारिश के दौरान घरों में ही रहने और अनावश्यक बाहर निकलने से बचने की अपील की गई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के अचानक मौसम परिवर्तन से स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। ठंडे और गर्म मौसम के बीच हो रहे बदलाव के कारण सर्दी-खांसी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

कुल मिलाकर, नालंदा में आए इस अचानक मौसम परिवर्तन ने जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं कुछ समय के लिए जनजीवन को प्रभावित भी किया। आने वाले दिनों में भी ऐसे ही मौसम के बने रहने की संभावना जताई जा रही है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# दहेज के लिए हत्या का खुलासा, तीन माह बाद पति की निशानदेही पर मिला शव

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। तीन माह पूर्व लापता विवाहित महिला का शव शुक्रवार को पुलिस ने बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति की निशानदेही पर शव को इस्लामपुर थाना क्षेत्र के तेतरिया-बनौली खंधा के पास एक गड्ढे से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया।

मृतका की पहचान हिलसा ब्लॉक कॉलोनी निवासी सीमा कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के पिता प्रवीण कुमार ने बताया कि चार वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी पुत्री की शादी इस्लामपुर सकरी पंचायत के चमर विगहा मकसूदपुर गांव निवासी रामाशीष प्रसाद के पुत्र अशोक कुमार के साथ की थी। शादी में 15 लाख रुपये नगद सहित सोने के आभूषण दिए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा पांच लाख रुपये अतिरिक्त लाने का दबाव बनाया जा रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर उनकी पुत्री के साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाती थी। 21 दिसंबर 2025 को एक ग्रामीण द्वारा सूचना मिली कि उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। जब वे ससुराल पहुंचे तो सभी लोग फरार थे और काफी खोजबीन के बाद भी पुत्री का कोई पता नहीं चला।


इस मामले में 23 दिसंबर 2025 को मृतका के भाई राघव कुमार सिंह ने इस्लामपुर थाना में हत्या का मामला दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस दबाव में आरोपी पति अशोक कुमार ने हिलसा कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। रिमांड पर लेकर पूछताछ के दौरान उसने हत्या की बात स्वीकार की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर शव बरामद किया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




**अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान**

## नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने
ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251